# NCERT SOLUTIONS

## CLASS - 9th



aglasem.com

Class : 9th
Subject : हिन्दी
Chapter : 2
Chapter Name : एवरेस्ट: मेरी शिखर यात्रा

Q1 (क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-दो पंक्तियों में दीजिए।

1. अग्रिम दल का नेतृत्व कौन कर रहा था?
2. लेखिका को सागरमाथा नाम क्यों अच्छा लगा?
3. लेखिका को ध्वज जैसा क्या लगा?
4. हिमस्खलन से कितने लोगों कि मृत्यु हुई और कितने घायल हुए?
5. मृत्यु के अवसाद को देखकर कर्नल खुल्लर ने क्या कहा?
6. रसोई सहायक की मृत्यु कैसे हुई?
7. कैंप-चार कब और कहाँ लगाया गया?
8. लेखिका ने शेरपा कुली को अपना परिचय किस तरह दिया?
9. लेखिका की सफलता पर कर्नल खुल्लर ने उसे किन शब्दों में बधाई दी?

Answer. (क)
1. अग्रिम दाल का नेतृत्व दल के उपनेता प्रेमचंद कर रहे थे।

2 . लेखक ने पहली बार एवरेस्ट को नामचे बाज़ार से निहारा था, जिसे नेपाली भाषा में सागरमाथा भी कहते है। यह शायद इसलिए कहा जाता है क्योंकि एवरेस्ट दूर से सागर के माथे के जैसा दिखाई पड़ता है। और हो सकता है यही कारण हो कि लेखिका को यह नाम अच्छा लगा हो ।

3. जब लेखिका एवरेस्ट को देख रही थी तब उन्हें एक बड़े भारी बर्फ का बड़ा फूल (प्लूम) दिखाई पड़ा जो उनको पर्वत शिखर पर ध्वज जैसा लगा। जो कि तेज गति से चलने वाली हवा के कारण बनता है ।

4. हिमस्खलन किसी ढलान से होने वाले तीव्र गति से हिम के बहाव को कहते है जिससे से एक व्यक्ति की मृत्यु हुई और चार व्यक्ति घायल हो गए ।

5. एक शेरपा कुली की मृत्यु हो चुकी थी तथा चार घायल थे जिसके कारण अभियान दाल के चेहरों पर अवसाद छाया हुआ था, जिससे देखकर खुल्लर ने कहा कि जब हम एवरेस्ट जैसे महान अभियान पर हो तब हमे ख़तरों और कभी-कभी मृत्यु को स्वीकार कर लेना चाहिए।

6. एवरेस्ट के ऊपर का जलवायु प्रतिकूल न होने के कारण एक रसोई सहायक की मृत्यु हो गई ।

7. 29 अप्रैल को सात हज़ार नौ सो मीटर ऊंचाई पर कैंप चार लगाया गया था।

aglasem.com

8. लेखिका ने अपना परिचय शेरपा कुली को देते हुए कहा कि वह बिलकुल नौसिखिया है और एवरेस्ट उनका पहला अभियान है।

9. कर्नल खुल्लर ने कहा, "मैं तुम्हारी इस अनूठी उपलब्धि के लिए तुम्हारे माता-पिता को बधाई देना चाहूँगा। देश को तुम पर गर्व है और तुम ऐसे संसार में जाओगी जो तुम्हारे अपने पीछे छोड़े हुए संसार से एकदम विभिन्न होगा।" और उन्होंने लेखिका को बधाई दी।

Page : 24 , Block Name : मौखिक

Q2 (क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में लिखिए :-

1. नज़दीक से एवरेस्ट को देरवकर लेखिका को कैसा लगा?
2. डॉक्टर मीनू मेहता ने क्या जानकारियाँ दी?
3. तेनजिंग ने लेखिका की तारीफ़ में क्या कहा?
4. लेखिका के किनके साथ चढ़ाई करनी थी?
5. लोपसांग ने तंबू का रास्ता कैसे साफ किया?
6. साउथ कोल कैंप पहुँचकर लेखिका ने अगले दिन की महत्वपूर्ण चढ़ाई की तैयारी कैसे शुरू की?

Answer. (क)
1. लेखिका को नज़दीक से एवरेस्ट देख कर इतना अच्छा लगा कि वह आश्चर्यचकित हो गई। वह एक दम भौचक्की रह गई। वह एवरेस्ट ल्होत्से और नुतसे की उचाईयो से घिरी बरफीली टेढ़ी - मेढ़ी नदी को निहारती रही। बड़ा ही मनोरम दृश्य लग रहा था।

2. डॉक्टर मीनू मेहता ने निम्न प्रकार की जानकारियाँ दी-
1) एल्युमीनियम की सीढ़ियों से अस्थायी पुलों का बनना।
2) बर्फ की आडी-तिरछी दीवारों पर रस्सियों को बाँधना।
3) लट्ठो और रस्सियों का उपयोग करना।
4) अग्रिम दल केअभियांत्रिक कार्यो की जानकारी दी।

3. लेखिका की तारीफ़ में तेनजिंग ने कहा, कि कठिन और रोमांचक कार्य करना उनका शौक था। वह एक पर्वतीय लड़की है। उसे तो शिखर पर बहुत पहले ही पहुँच जाने का प्रयास करना चाहिए था। या उसे पहले प्रयास में ही पहुंच जाना चाहिए था। वे लेखिका कि सफलता चाहते थे और उन्हें पूरी आशा थी कि वे होंगी।

4. लेखिका के अपने दल अर्थात अपने समूह के साथ तथा जय और मीनू के साथ चढ़ाई करनी थी। परन्तु वह लोग बहुत पीछे रह गए थे।

5 . तंबू के रास्ते में एक बड़ा पिंड गिरा हुआ था। जिसने कैंप को तहस - नहस कर दिया था। लोपसांग ने तंबू का रास्ते साफ करने के लिए स्विस छुरी निकाली। उन्होंने लेखिका के आस पास जाके बड़े - बड़े हिम पिंडो कि सहायक कड़ी बर्फ के हटाया।और जमी कड़ी बर्फ कि खुदाई की। उन्होंने बड़ी मेहनत से लेखिका को बर्फ की कब्र से खींच निकाला।

6 . लेखिका ने अगले दिन की चढ़ाई की तैयारी शुरू की "साउथ कोल" कैंप पहुँचकर। लेखिका ने वहाँ पहुँचकर खाना, कुकिंग गैस तथा ऑक्सीजन सिलेंडर इकट्ठे किए। फिर उसके बाद वह चाय बनाने की तैयारी करने लगी।

Page : 24 , Block Name : लिखित

(ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 50-60 शब्दों में लिखिए

1. उपनेता प्रेमचंद ने किन स्थितियों से अवगत कराया?
2. हिमपात किस तरह होता है, और उससे क्या-क्या परिवर्तन आते हैं?
3. लेखिका के तंबू में गिरे बर्फ पिंड का वर्णन किस तरह किया गया हैं?
4. लेखिका को देखकर 'की' हक्का-बक्का क्यों रह गया?
5. एवरेस्ट पर चढ़ने के लिए कुल कितने कैंप बनाए गए? उनका वर्णन कीजिए-
6. चढ़ाई के समय एवरेस्ट की छोटी की स्थिति कैसी थी?
7. सम्मिलित अभियान में सहयोग एवं सहायता की भावना का परिचय बचेंद्री के किस कार्य से मिलता है?

aglasem.com

Answer. (ख)
1.उपनेता प्रेमचंद ने अभियान दल को खंभु हिमपात की स्थिति की जानकारी देते हुए कहा कि उनके दल ने कैंप-एक, जो हिमपात के ठीक ऊपर है, वहाँ का पूरा रास्ता साफ किया और फल बनाकर, रस्सियाँ बाँधकर तथा डंडियो से रास्ता चिन्हित कर सभी बड़ी समस्याओं व कठिनाइयों का जायजा ले लिया। यह भी ध्यान दिलाया कि हिमपात में अनियमित और अनिश्चित बदलाव के कारण अभी तक के किए गए सभी काम व्यर्थ हो सकते हैं और रास्ता खोलने का काम दोबारा पड़ सकता है।

2 . बर्फ के खंडों का अव्यवस्थित ढंग से गिरने को हिमपात कहा जाता है। ग्लेशियर के बहने से अधिकतर बर्फ़ में हलचल मच जाती है और बर्फ की बड़ी से बड़ी चट्टानें तत्काल (तुरंत) गिर जाती है। इससे धरातल पर बड़ी चौड़ी दरारें पड़ जाती है। अधिक हिमपात के कारण तापमान में बहुत अधिक गिरावट आ जाती है और रास्ते बंद हो जाते हैं और अचानक खतरनाक स्थिति उत्पन्न हो जाती हैं।

3 . लेखिका गहरी नींद में सोइ थी, कि रात 12:30 बजे एक सख्त चीज उसके सिर के पिछले हिस्से से टकराई और वह जाग गई। और एक ज़ोरदार धमाका हुआ, एक लंबा बर्फ पिंड ग्लेशियर से टूट कर कैंप के उपर गिरा। उसमें हिमखंडो का पुंक था।

वह बहुत तेज़ रफ्तार और भीषण गर्जना के साथ गिरा। और कैंप को नष्ट कर दिया। इससे चोट तो सभी को लगी पर मृत्यु किसी कि भी नहीं हुई। इस प्रकार लेखिका के तंबू में गिरे बर्फ पिंड का वर्णन बहुत भयानक और खतरनाक था।

4 .बहुत तेज़ चल रही बर्फीली हवा में नीचे जाना बहुत खतरनाक था, फिर भी लेखिका सबके लिए चाय व जूस लेने नीचे उतर रही थी। उसकी यह हिम्मत देखकर 'की' हक्का-बक्का रह गया। वह सामान ढोने के कारण पीछे रह गया था। लेखिका उसके लिए चाय-जूस आदि लेकर उसे रास्ते में लिवाने के लिए पहुंची। और वह उसे चाय-जूस लिए आया देख आश्चर्य चकित रह गया।

5. एवरेस्ट पर चढ़ाई के लिए कुल पांच कैंप बनाए गए। ऐसा पाठ से ज्ञात होता है। उनके दल का पहला कैंप 6000 मीटर की ऊँचाई पर था जो हिमपात के ठीक उपर था। दूसरा कैंप 7900 मीटर की ऊँचाई पर बनाया गया था। कैंप तीन ल्होत्से की बरफीली सीधी ढलान पर बनाया गया था। यहाँ पर नाइलोन के तंबू लगाए गए थे। और यहीं से अभियान दल को एवरेस्ट पर चढ़ाई करनी थी। इसके अलावा वहाँ एक बेस कैंप भी बनाया गया था।

6. वहाँ बर्फ इतनी अधिक थी कि सामने कुछ दिख नहीं रहा था। जब बचेंद्री पाल एवरेस्ट की चोटी पर पहुँची तो चारों ओर तेज़ हवाओं के कारण बर्फ उड़ रही थी। पर्वत की शंकु चोटी भी इतनी  तंग थी कि दो व्यक्ति वहाँ साथ खड़े भी नहीं हो सकते थे। अतः वहाँ अपने आपको स्थिर खड़ा करना बहुत ही मुश्किल था। नीचे हजारों मीटर तक ढलान ही ढलान थी। उन्होंने बर्फ के फावड़े से बर्फ तोड़कर अपने टिकने योग्य स्थान बनाया।

7 . एवरेस्ट पर विजय पाने के अभियान के दौरान लेखिका बचेंडी पाल अपने साथियों 'जय' की 'मीनू' के साथ चढ़ाई कर रही थी, परंतु वह इनसे पहले साउथ कोल कैंप पर जा पहुंची क्योंकि वे बिना ऑक्सीजन के भारी बोझ लादे चढ़ाई कर रहे थे। लेखिका ने दोपहर बाद इन सभी सदस्यों की मदद करने के लिए एक थरमस को जूस से और दूसरे को गरम चाय से भर लिया और तेज़ बरकीली हवाओं में कैंप से निकल कर उन सदस्यों की ओर नीचे उतरने लगी।  इस कार्य से लेखिका से सहयोग और सहायता की भावना का परिचय मिलता है।

Page : 25 , Block Name : लिखित

(ग) निम्नलिखित का आशय स्पष्ट कीजिए –

1. एवरेस्ट जैसे महान अभियान में ख़तरों को और कभी-कभी तो मृत्यु भी आदमी को सहज भाव से स्वीकार करनी चाहिए।

2. सीधे धरातल पर दरार पड़ने का विचार और इस दरार का गहरे-चौड़े हिम-विदर में बदल जाने का मात्र खयाल ही बहुत डरावना था। इससे भी ज़्यादा भयानक इस बात की जानकारी थी कि हमारे संपूर्ण प्रयास के दौरान हिमपात लगभग एक दर्जन आरोहियों और कुलियों को प्रतिदिन छूता रहेगा।

3. बिना उठे ही मैंने अपने थैले से दुर्गा माँ का चित्र और हनुमान चालीसा निकाला। मैंने इनको अपने साथ लाए लाल कपड़े में लपेटा, छोटी-सी पूजा-अर्चना की और इनको बर्फ़ में दबा दिया। आनंद के इस क्षण में मुझे अपने माता-पिता का ध्यान आया।

Answer. (ग)

1. यह वाक्य अभियान दल के नेता कर्नल खुल्लर द्वारा कहा गया था | इस कथन को वह पर्वतारोहियों में फैले दुख जो कि शेरपा कुली की मृत्यु के कारण आया था उसे उत्साह में बदलने के लिए कह रहे थे | एवरेस्ट बड़ा ही जोखिम भरा अभियान है और अगर इसमें किसी की मृत्यु भी हो जाये तो उसे सहज भाव से स्वीकार करनी चाहिए।

2.इस कथन का आशय यह है कि हिमपात के कारण कई बार धरातल पर बर्फीले खंडों के कारण दरार पड़ जाती है | जब यह दरार काफी गहरी और चौड़ी हो जाती है तो इसे हिम-विदर कहते है | यह सब सुनकर लेखिका के मन में डर का अनुभव हुआ | कोई कितना भी प्रयास कर ले पर्वतारोहियों को इनका सामना करना पड़ता है |

3. जैसे ही लेखिका एवरेस्ट पर पहुँची वह अपने घुटनों पर बैठ गई, उन्होंने वहाँ की धरती को चूमा| फिर अपने थैले से दुर्गा माँ का चित्र और हनुमान चालीसा निकालकर अपने साथ लाए लाल कपड़े में लपेटा और पूजा-अर्चना की फिर उसे वही बर्फ़ में दबा दिया। यह पल उनके जीवन का सबसे महत्वपूर्ण पल था जिसमें उन्होंने पहले ईश्वर को फिर अपने माता-पिता को याद किया |

Page : 25 , Block Name : लिखित

Q1 इस पाठ में प्रयुक्त निम्नलिखित शब्दों की व्याख्या पाठ का सन्दर्भ देकर कीजिये
निहारा है,धसकना- खिसकना, सागरमाथा, जायजा लेना, नौसिखिया |

Answer.

| | |
|---|---|
| निहारा है | : एवरेस्ट की चोटी को लेखक ने अपने लक्ष्य के रूप में निहारा है | |
| धसकना-खिसकना | : ये दोनों शब्द हिम खंडो के गिरने की और इशारा करते है | |
| सागरमाथा | : यह नाम एवरेस्ट को नेपालियों ने दिया है | |
| जायजा लेना | : कैंप के निरीक्षण के लिए ये शब्द प्रयोग में लाया गया है | |
| नौसिखिया | : यह शब्द लेखक ने स्वयं के लिए प्रयोग किया है | |



aglasem.com

Page : 25 , Block Name : भाषा अध्ययन

Q2 निम्नलिखित पंक्तियों में उचित विराम चिन्हों का प्रयोग कीजिये -
(क) उन्होंने कहा तुम एक पक्की पर्वतीय लड़की लगती हो तुम्हें तो शिखर पर पहले ही प्रयास में पहुँच जाना चाहिए
(ख) क्या तुम भयभीत थीं
(ग) तुमने इतनी बड़ी  जोखिम क्यों ली बचेंद्री

Answer.
(क) उन्होंने कहा, "तुम एक पक्की पर्वतीय लड़की लगती हो तुम्हें तो शिखर पर पहले ही प्रयास में पहुँच जाना चाहिए|"
(ख) क्या तुम भयभीत थीं?
(ग) तुमने इतनी बड़ी जोखिम क्यों ली बचेंद्री ?

Page : 25 , Block Name : भाषा अध्ययन

Q3 नीचे दिए गए उदाहरण के अनुसार निम्नलिखित शब्द युग्मो का वाक्य में प्रयोग कीजिये :-
उदाहरण: हमारे पास एक वॉकी - टॉकी था |
टेढ़ी-मेढ़ी
हक्का-बक्का
गहरे-चौड़े
इधर-उधर
आस-पास
लम्बे-चौड़े
Answer.
टेढ़ी-मेढ़ी : पहाड़ी सड़कें बहुत टेढ़ी-मेढ़ी होती है |
हक्का-बक्का :करतब देखकर दर्शक हक्के-बक्के रह गए |
गहरे-चौड़े :सड़को पर आजकल काफी गहरे-चौड़े गड्ढे देखने को मिलते है|
इधर-उधर :मयंक परीक्षा में नकल करने के लिए इधर-उधर देख रहा था |
आस-पास :अपने आस-पास का माहौल देखकर ही काम करना चाहिए |
लम्बे-चौड़े :आर्मी वाले प्रायः लम्बे-चौड़े होते है |

Page : 25 , Block Name : भाषा अध्ययन

Q4 उदाहरण के अनुसार विलोम शब्द बनाइये
उदाहरण: अनुकूल - प्रतिकूल
नियमित
विख्यात

aglasem.com

आरोही
निश्चित
सुन्दर

Answer.
नियमित - अनियमित
विख्यात - कुख्यात
आरोही - अबरोहि
निश्चित - अनिश्चित
सुन्दर - कुरूप

Page : 26, Block Name : भाषा अध्ययन

Q5 निम्नलिखित शब्दों में उपयुक्त उपसर्ग लगाइये-
जैसे: पुत्र - सुपुत्र
वास
व्यवस्थित
कूल
गति
रोहण
रक्षित
Answer.
वास - आवास
व्यवस्थित - सुव्यवस्थित
कूल - अनुकूल
गति - प्रगति
रोहण - अवरोहण
रक्षित - सुरक्षित

aglasem.com

Page : 26, Block Name : भाषा अध्ययन

Q6 निम्नलिखित क्रिया विशेषणों का उचट प्रयोग करते हुए रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये
अगले दिन, कम समय में, कुछ देर बाद, सुबह तक
(क) मैं_______ यह कार्य कर लूँगा |
(ख) बादल घिरने के ________ वर्षा हो गयी |
(ग) उसने बहुत ________ इतनी तरक्की कर ली |
(घ) नाड़केसा को _______ गांव जाना था |
Answer.
(क) मैं <u>सुबह तक</u> यह कार्य कर लूँगा |

(ख) बादल घिरने के <u>कुछ देर बाद</u> वर्षा हो गयी |
(ग) उसने बहुत <u>कम समय में</u> इतनी तरक्की कर ली |
(घ) नाड़केसा को <u>अगले दिन</u> गावं जाना था |

Page : 26, Block Name : भाषा अध्ययन

योग्यता विस्तार
Q1 इस पाठ में आए दस अंग्रेजी शब्दों का चयन कर उनके अर्थ लिखिए-
Answer.
1.बेस कैंप : आधार शिविर
किलोमीटर : दूरी नापने कि इकाई
ग्लेशियर :हिमनद
वॉकी टॉकी: बात करने का साधन
ऑक्सीजन : प्राणवायु
थर्मस:ठंडा गरम तरल रखने का बर्तन
सिलिंडर: गोलाकार बर्तन
चॉकलेट : मीठा खाद्य पदार्थ
साउथ : दक्षिण
कुली: सम्मान उठाने वाला

aglasem.com

Page : 26, Block Name : योग्यता विस्तार

Q2 पर्वतारोहण सम्बन्धित दस चीजों के नाम लिखिए।
Answer. निम्न चीजों का उपयोग पर्वतारोहण में किया जा सकता है -
फावड़ा
रस्सी
ऑक्सीजन
टेंट
बिस्तर
चाकू
कील
स्ट्रेचर
भोजन
वॉकी टॉकी

Page : 26, Block Name : योग्यता विस्तार

Q3 तेनजिंग शेरपा कि पहली चढ़ाई के बारे में जानकारी प्राप्त कीजिए |
Answer. छात्र स्वयं करें |

Page : 26, Block Name : योग्यता विस्तार

Q4 इस पर्वत का नाम 'एवेरेस्ट' क्यों पड़ा? जानकारी प्राप्त कीजिए |
Answer. छात्र स्वयं करें |

Page : 26, Block Name : योग्यता विस्तार

aglasem.com